दिनांक 18.04.2018

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाइ**

भिलाईनगर/ सफाई किसी संस्था या व्यक्ति के वश की बात नहीं है शहर की सफाई के लिए लोगों को समवेत प्रयास करना होगा। सफाई निरंतर और प्रतिदिन का कार्य है निगम कर्मचारी घर या प्रतिष्ठान से निकलने वाले कचरे को एकत्र तो कर सकते है लेकिन घर और दुकान की सफाई कर सुखा एवं गीले कचरे को अलग–अलग कर सफाई मित्र (रिक्शा) को सौंपना हर नागरिक की जिम्मेदारी होनी चाहिए तभी हमारा शहर साफ–सुथरा दिखेगा।

नगर पालिक निगम, भिलाई के आयुक्त के0एल0 चौहान ने निगम के स्वास्थ्य अधिकारी, स्वच्छता निरीक्षक, स्वच्छता पर्यवेक्षक एवं सफाई कामगारों की बैठक लेकर कहा कि हम शहर के प्रत्येक घरों से सुखा एवं गीला कचरा एकत्र करने के लिए हरा एवं नीला डस्टबीन का वितरण कर दिये हैं अब शहर के नागरिकों की जिम्मेदारी है कि दरवाजे पर आने वाले सफाई मित्र (रिक्शा) को गीला कचरा एवं सुखा कचरा को अलग–अलग करके रिक्शे को सौंपे। आयुक्त ने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि सुखा एवं गीले कचरे को मिलाकर देने वाले अथवा नाली में कचरा डालने वाले परिवार पर स्वच्छता निरीक्षक अर्थदण्ड अधिरोपित करें । उन्होने कहा कि एसआई अपने जोन के निजी कालोनी के निवासियों की बैठक लेकर शासन के निर्देश की जानकारी देवें कि कालोनी से निकलने वाले गीले कचरे का खाद बनाकर कालोनी के अंदर बने उद्यान में इसका उपयोग करें और सुखे कचरे को एकत्र कर निगम को देवें। बारिश से पूर्व स्वच्छता को लेकर वृहद प्रचार अभियान चलायें इसके लिए सभी शासकीय भवनों के दीवालों पर स्वच्छता का श्लोगन की वॉल राईटिंग करवायें साथ ही लोंगो को स्वच्छता के प्रति जागरुक करने के लिए स्वच्छता रथ से संदेश प्रसारित करें।

आयुक्त ने कहा कि कुछ लोगों के द्वारा घरों में डस्टबीन प्राप्त नहीं होने की शिकायत भी मिली है इसके लिए आवश्यक है कि एसआई यह सुनिश्चित कर लें कि वार्ड के सभी घरों में डस्टबीन का वितरण किया जा चुका हैं कि नहीं। प्रत्येक परिवार में डस्टबीन वितरण के बाद नागरिकों की बाध्यता होगी कि वे सुखा एवं गीले कचरे को अलग–अलग डब्बे में एकत्र कर स्वच्छता मित्र को प्रदान करें। उन्होने कहा कि झिल्ली, पन्नी, प्लास्टिक शहर के पर्यावरण एवं स्वच्छता में सबसे बड़े बाधक है इसके विरुद्ध कल से सघन अभियान चलायें। शहर का हर व्यक्ति चाहता है कि शहर साफ हो उन्हे बतायें कि प्लास्टिक गंदगी का बड़ा स्त्रोत है।आने वाले दिनों में निगम प्लास्टिक को रिसाईकलिंग की मशीन लगाकर सुरक्षित निपटारा करेगा। श्री चौहान ने कहा कि महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए जल्द ही घरों से निकलने वाले कचरे का संग्रहण की जिम्मेदारी

महिला स्व–सहायता समुह को सौंपेगी। इस दिशा में शासन स्तर पर प्रयास किये जा रहें हैं। श्री चौहान ने प्रदेश में सबसे अधिक यूजर चार्ज वसूली उकरने वाले निगम के रुप में भिलाई की पहचान बनाने के लिए स्वास्थ्य अमले को बधाई दी।

बैठक में आयुक्त के0एल0 चौहान, राजस्व अधिकारी एच0के0 चन्द्राकर, प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेन्द्र मिश्रा, जावेद अली, व्ही0के0 सेमुवल, महेश मिश्रा, जगन्नाथ कुशवाहा, महेश पाण्डेय, पवन मिश्रा, सहित स्वास्थ्य विभाग का अमला उपस्थित था।

जन सम्पर्क विभाग